सार-समाचार

20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाई

धौलपुर, (निसं)। जिले के सदर थाना क्षेत्र के सरानीखेड़ा गांव में एक 20 वर्षीय युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके शव को पुलिस ने जिला अस्पताल के पीएम हाउस में रखवा दिया था.जिसका शुक्रवार पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस ने शव को परिजनों के हवाले कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पचगांव चौकी प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि उन्हें गुरुवार शाम को सूचना मिली थी कि सरानीखेड़ा गांव की एक युवती ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है.मृतका 20 वर्षीय रूबी पुत्री रघुवीर जाटव के शव को गुरूवार की शाम को जिला अस्पताल के पीएम हाउस में रखवा दिया था.मृतका के पिता रघुवीर सिंह ने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री रूबी की शादी एक मार्च को पिपहेरा गांव के रवि के साथ होनी थी.रवि ने रूबी को फोन कर दहेज में मोटरसाइकिल की डिमांड की थी.जिसके कारण रूबी मानसिक अवसाद में आ गई और उसने घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली.चौकी प्रभारी शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

कृषक आईडी के लिए किया पंजीकरण

करौली, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी प्रेमराज मीना ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर गुरुवार को भी जारी रहा। उन्होंने बताया कि राजौर में 69, डुकावली में 41, चैडागाँव में 94, दरगाँव में 40, महूखास में 134, जटवाड़ा में 129, नगला मीना में 40, मांचड़ी में 44, नादौती में 41 इस प्रकार सम्पूर्ण जिले में अब तक कुल 632 किसानों ने विशिष्ट कृषक आईडी के लिए पंजीकरण करा लिया है।उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि तहसील करौली की ठाम पंचायत राजौर, मासलपुर की डुकावली, सपोटरा की चैडागांव, मंडरायल की दरगंवा, हिण्डौन की महूखास, सूरौठ की जटवाडा, श्रीमहावीर जी की नगला मीना, टोडाभीम की माचडी, नादौती की नादौती एवं बालघाट की रानौली पंचायत में ये शिविर 7 फरवरी तक जारी रहेंगे। जिनमें 11 डिजिट की आधार से लिंक्ड कृषक आईडी के लिए आवेदन हेतु किसानों को आधार कार्ड, जमाबंदी, आधार कार्ड से जुडा हुआ मोबाईल नम्बर साथ लेकर आना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने जिले के कृषकों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग के लाभ लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

रात्रि चैपाल व जनसुनवाई का आयोजन

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने फरवरी 2025 के लिये रात्रि चैपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी मंगलवार को सांय 6 बजे से मण्डरायल पंचायत समिति की ठाम पंचायत गुरदेह,13 फरवरी गुरूवार को सांय 6 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ठाम पंचायत महस्वा, 18 फरवरी मंगलवार को सांय 6 बजे से सपोटरा पंचायत समिति की ठाम पंचायत गज्जूपुरा, 25 फरवरी मंगलवार को सांय 6 बजे से श्रीमहावीरजी पंचायत समिति की ठाम पंचायत गुनसार, व 27 फरवरी गुरूवार को सांय 6 बजे से मासलपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूंधपुरा, में रात्रि चैपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

ट्रेन की चेपट से महिला की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर स्थित लोको फाटक के पास महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। महिला की पहचान मुनीम पाडा निवासी रमेशी प्रजापत (55) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी स्टेशन उप प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस को दी। एएसआई नौशाद अहमद ने बताया कि महिला का शव लोको कॉलोनी के पास खंभा नंबर 1051/02 के पास रेलवे लाइन पर मिला। महिला के बेटे ने बताया कि उनकी मां पहले से बीमार चल रही थी और विमंदित थी। वह बिना किसी को बताए घर से निकल गई। पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया, जहां शिनाख्त के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मां की अचानक मौत से परिवार के सदस्य शोक में डूबे हैं।

शिविर में 105 मरीजों की हुई जांच

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति और वर्धमान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के नेतृत्व में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अग्रवाल धर्मशाला में सुबह 9 बजे से शुरू हुए इस शिविर में करीब 105 मरीजों की जांच की गई। वर्धमान मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ. मनोज कुमार जैन ने बताया कि उनके अस्पताल के डॉक्टर समर्पित भाव से मानव सेवा में लगे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार अग्रवाल ने डॉ. जैन और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग करने की अपील की। शिविर के मुख्य अतिथि गोपाल लाल गुप्ता ने कहा कि दोनों संस्थाओं द्वारा आयोजित यह मानव सेवा का कार्य सराहनीय है। शिविर में बडी संख्या में पेंशनर्स ने डॉक्टरों से परामर्श लिया। कार्यक्रम के अंत में समिति महामंत्री डॉ. अशोक कुमार गुप्ता और शिविर संयोजक कैलाश प्रसाद गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दो आरोपियों को 10 साल की जेल

गंगापुर सिटी, (निसं)। जानलेवा हमले और लूट के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश की कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। मामला 23 जुलाई 2020 का है, जब पीडति मनीराज शाम के समय खेल्ला बदला के पास से लौट रहा था। कुएं के पास प्रेमराज, बबलू, चिरंजी और दीपक ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने मनीराज पर कुदाल, सरिया और कट्टे से जानलेवा हमला किया। हमलावरों ने पीडति के सिर, हाथ-पैर और शरीर के विभिन्न हिस्सों पर वार किए। इतना ही नहीं हमलावरों ने पीडति का मोबाइल फोन और 20 हजार रुपए भी छीन लिए। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर रामसिंह और भगवान नाम के व्यक्तियों ने उसे बचाया और इलाज के लिए पहले रिया अस्पताल और फिर सरकारी अस्पताल गंगापुर सिटी ले गए। पीलोदा थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दीपक उर्फ डिप्टी और प्रेमराज के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। 4 दिसंबर 2020 को मामला सेशन कोर्ट में स्थानांतरित किया गया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

खाद्य विभाग ने किया औचक निरीक्षण

गंगापुर सिटी, (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने बडी कार्रवाई की। शुक्रवार को टीम ने गंगापुर सिटी और वजीरपुर में छापेमारी कर विभिन्न दुकानों से मसालों और खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि वजीरपुर में टीम की कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हडकंप मच गया। अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी, जिससे पूरा बाजार ही बंद हो गया। टीम ने यहां से लाल मिर्च पाउडर, चाय, हल्दी पाउडर आरआरएम, मामरा बादाम देव और नमकीन के कुल 5 नमूने लिए। गंगापुर सिटी में भी खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न खाद्य कारोबारी संस्थाओं का निरीक्षण किया। सैनिक कैंटीन से नमकीन, मिर्ची पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और सूजी के 5 नमूने एकत्र किए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए जयपुर की प्रयोगशाला भेजा गया है।

सफाई व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

गंगापुर सिटी, (निसं)। शुक्रवार को सभापति ने नगर परिषद कार्यालय में घर घर कचरा संग्रहण को लेकर ऑटो टिपर ठेकेदार के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होने ठेकेदार को घर घर से कचरा संग्रहण करने के निर्देश दिए। सभापति ने ऑटो टीपर के ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक घर पर जाकर कचरा संग्रहण करे। इसके अलावा आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करे। इसके बाद ऑटो टीपर नगेन्द्र राय प्राइवेट कंपनी के द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर को देखा जिसमें शहर के सभी घरों का सर्वे किया गया जिसमें शत प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरा संग्रहण किया जाएगा जिससे वार्डो में होने वाले कचरा प्वाइंट धीरे धीरे खत्म हो जाएगा।

भागवत कथा का समापन

भरतपुर, (निसं)। नीम दरवाजा के विजय चौक परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सर्वकल्याण की कामना के साथ समापन हो गया। कथा के समापन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। स्थानीय मोहल्लेवासियों ने बताया कि बीती 30 जनवरी को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा के आयोजन का शुभारंभ हुआ।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने किया प्रदर्शन

भरतपुर, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा भरतपुर द्वारा महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के समक्ष आयोजित महासंघ के विरोध प्रदर्शन एवं धरना की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक हेमराज सिंह सिनसिनवार ने की। धरने प्रदर्शन में रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव राजेन्द्र सिंह सोलंकी एवं राधेश्याम वर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर एसडीम राजीव शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम महासंघ का 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने से पहले कर्मचारियों ने खेमराज चौधरी की रिपोर्ट की होली जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त करे। राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड़ रुपए जीपीएफ खाते में जमा किया जावे। पुरानी पेंशन योजना यथावत रखी जावे। कोरोना काल में रोके गए जनवरी 2020 से जून 2021 तक के महंगाई भत्ते के एरियर का नकद भुगतान किया जावे। सेवाकाल में पांच पदोन्नित के अवसर दिए जावें तथा 7-14-21-28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नित पद का वेतनमान स्वीकृत किया जावे। ठामीण क्षेत्र में सेवारत कार्मिकों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ठामीण भत्ता स्वीकृत किया जावे। सहायक कर्मचारी को एमटीएस घोषित करते हुए न्यूनतम वेतन 26000 किया जावे, महासंघ के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को शासन सचिवालय के समान वेतन भत्ते पदोन्नित व अन्य सुविधाएं प्रदान की जावे। विरोध प्रदर्शन व धरने का संचालन महासंघ के सलाहकार अनिल भारद्वाज ने किया। महासंघ के सलाहकार तुही राम चौधरी, संरक्षक पूरन सिंह फौजदार, कृषि स्नातक संघ के जिला अध्यक्ष जगत सिंह व जिला मंत्री डॉ. सुनील चौधरी, महासंघ के जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बॉबी लैब कृषि विभाग, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री जितेंद्र शर्मा, महासंघ के जिला मंत्री भूदेव छौंकर द्वारा कार्मिकों के स्वास्थ्य एवं उपचार हेतु जारी आरजीएचएस कटौती को बंद किये जाने की मांग की। महासंघ के सलाहकार मुकेश गर्ग, संयुक्त महामंत्री रामेश्वर शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल व एनपीएस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर विनोद चौधरी ने ठेका कॉन्ट्रैक्ट नियुक्ति बंद कर कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किए गए कार्मिकों को नियमित किया जाने की मांग की। पशुपालन सहायक तकनीक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष उमेश सारवान, पटवार संघ के भरत सिंह सिनसिनवार, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह, मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के जिला मंत्री उमाशंकर शर्मा, पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के विनोद अग्रवाल, विष्णु कुमार ने पुलिस सेवा के कार्मिकों को समयबद्ध पदोन्नित करते हुए साप्ताहिक अवकाश एवं कार्यशील समय निर्धारित करने की मांग की। सहायक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह शर्मा व जिला मंत्री महेश चंद्र ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही कर्मचारी हित में निर्णय लेकर वेतन विसंगति पदोन्नित, पदनाम परिवर्तन, जैसी मूलभूत मांगों को लेकर महासंघ के मांग पत्र को निश्तारित करे। संभागीय मुख्यालय भरतपुर शहर में कार्यरत कर्मचारियों को अन्य संभाग मुख्यालय के समान वाई श्रेणी का दर्जा देते हुए 10 प्रतिशत के स्थान पर 20 प्रतिशत मकान किराया भत्ता स्वीकृत किए जाने की मांग की।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा ने एसडीम राजीव शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम महासंघ का 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

केन्द्र सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भरतपुर, (निस)। प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय भरतपुर पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि बिगत दिवस अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों को जबरन व अमानवीय तरीके से भारत पहुंचाने के खिलाफ राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों पर यह विरोध प्रदर्शन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ आयोजित किए गए हैं। भरतपुर मुख्यालय पर हुए विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला, ब्लॉक, पीसीसी, सेवादल तथा अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीयों सहित उपस्थित सभी कांठोसजनों ने अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों को हाथों में जंजीर एवं पैरों में बेड़ियां बांधकर कैदियों की भांति भारत में भेजे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार की ओर से अभी तक चुप्पी साधने एवं कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करने पर केंद्र की भाजपा सरकार की भी कड़ी आलोचना की तथा नैतिकता के आधार पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफा देने की भी मांग की।

समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों ने इस घटना को भारत ही नहीं भारतीयों का भी अपमान बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साहब सिंह एडवोकेट, सतीश सोगरवाल, दयाचंद पचौरी, जगदीश बंजी, श्रीभगवान कटारा, दीनदयाल जाटव, निरंजन जघीना, लाखन हिंगोली, दिनेश सोगरवाल, मोनू गुलपाड़िया सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विरोध प्रदर्शन

करौली, (निसं)। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार की नीतिगत विफलताओं और प्रवासी भारतीयों के प्रति केंद्र सरकार की चुप्पी के विरोध में कलेक्ट्रेट के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराज मीणा के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांठोस सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज ने केंद्र सरकार कि प्रवासी भारतीयों के प्रति उदासीनता,आर्थिक शोषण और अमानवीय व्यवहार कि कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगाकर यात्रा कराने जैसी अमानवीय घटनाएं भारतीय संस्कृति और संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं और इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया।जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के उत्पीड़न पर केंद्र सरकार ठोस कदम उठाये,विदेशों में सुरक्षित रोजगार के लिए कानूनी व्यवस्था व्यवस्था बनाए,प्रवासी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पारदर्शी प्रक्रिया बनाए। यदि केंद्र सरकार प्रवासी भारतीयों के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।इस अवसर पर कांठोस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की विफलताओं के खिलाफ पुतला जलाकर नारे लगाए और प्रशासन से तत्काल आवश्यक कदम उठाने कि मांग की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मीना,रक्षी लाल बैरवा, सेवक राम डागुर, जिला महासचिव भगवान सहाय शर्मा आदि मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण

धौलपुर, (निसं)। राज्य सरकार मंशा के अनुरूप आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने हेतु जिले का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महकमा प्रतिबद्ध है। जिले के सरकारी अस्पतालों के साथ साथ निजी अस्पतालों में भी मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए निजी अस्पतालों की भी नियमित जांच विभाग की टीमों द्वारा की जाती है।

- **सीएमएचओ डॉ. मीणा ने अस्पताल प्रशासन को नगर परिषद से फायर एनओसी प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए**

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण कर कमियों में सुधार के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जिला मुख्यालय स्थित मैक्स हॉस्पिटल एवं लाइफ लाइन हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच की। दोनों ही अस्पतालों में फायर एनओसी नहीं होने पर सीएमएचओ डॉ. मीणा ने नाराजगी जाहिर करते हुए अस्पताल प्रशासन को नगर परिषद से अति शीघ्र फायर एनओसी प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट रजिस्ट्रेशन, पॉल्युशन बोर्ड कंसेंट, बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण सहित अन्य पक्षों की भी जांच की। डॉ. मीणा ने अस्पतालो में मिली कमियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सुधार हेतु अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में संचालित निजी चिकित्सालय एवं लैबों द्वारा उचित गुणवत्ता के स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा विभाग प्रतिबद्ध है। इस हेतु उनका नियमित निरीक्षण किया जाएगा जिसके लिए जिला स्तर पर एक टीम गठन किया जा चुका है। निजी चिकित्सा संस्थानों को क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करवाना आवश्यक है। साथ ही फायर एनओसी, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से मान्यता प्राप्त करना आवश्यक है। अगर कोई निजी चिकित्सा संस्थान एवं लैब बिना रजिस्ट्रेशन या मानकों को पूर्ण किए बिना संचालित होता हुआ पाया जाता है तो क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। निरीक्षण के दौरान एपिडेमियोलॉजिस्ट अखिलेश गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

सार-समाचार

शारीरिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। करौली राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के आवाहन पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा व करौली शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष लोकेश मीणा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को शुक्रवार को ज्ञापन दिया। इस दौरान प्रदेश सह मंत्री उमेंर मीना ने बताया कि शारीरिक शिक्षकों कि समस्याओं को लेकरें राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए बजट 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख करने,प्रत्येक सीबीईओ कार्यालय में खेल समन्वयक व्याख्याता शारीरिक शिक्षा का पद सृजित करने,डीईओ प्रारंभिक में एडीईओ शारीरिक शिक्षा पद स्वीकृत करने,दो और दो से अधिक फैकल्टी वाले स्कूलों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा के पद स्वीकृत करने,विद्यार्थियों के सर्वांगीन विकास के लिए राइट टू प्ले कानून बनाने,प्रत्येक जिला स्तर पर एक मॉडल स्पोर्ट्स स्कूल खोलने,जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का खुराक भत्ता 250 रुपए रोज करने,कक्षा 6 से 10 तक की स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्य पुस्तके स्कूलों को निशुल्क उपलब्ध कराने,स्पोर्ट्स कोटे की भर्तियों में नेशनल खेले खिलाड़ियों को घटते क्रम में दो प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने,स्थानांतरण नीति जारी कर समस्त केडर के तबादले करने, शारीरिक शिक्षा की रिव्यू डीपीसी उसी वर्ष पूर्ण करने,पीएम श्री विद्यालय में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा का पद स्वीकृत किया जाए,डीपीएड एवं बीपीएड कोर्स करने के लिए खेल प्रमाण पत्र होना अनिवार्य किया जावे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद के बाद शारीरिक शिक्षक का दूसरा पद पूर्व की भांति स्वीकृत किया जाए वे छात्र संख्या कि बाध्यता समाप्त की जाए सहित 21 सूत्री मांग पत्र दिया। इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, प्रदेश सह मंत्री उमेर मीणा,जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा,जिला महामंत्री वेद रत्न जैमनी,जिला महिला मंत्री भावना टॉक,जिला कोषाध्यक्ष शशी जांगिड़,प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के उपाध्यक्ष देवी सहाय शर्मा, जिला संयुक्त मंत्री महेंद्र गौतम,श्रीमहावीरजी ब्लॉक अध्यक्ष महेश तिवारी,सुनील यादव, राकेश श्रीमाली,सागर मीणा,पीयूष खोईवाल,दिनेश सैनी आदि उपस्थित रहे ।

बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में गाडी चला रहे मैक्स चालक ने सामने से आ रही एक बाइक को टक्कर मार दी। गाडी की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। वहीं मृतक दिगम्बर के शव का सेवर थाना पुलिस ने जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मैक्स गाडी में सवार शिव कुमार ने बताया कि मैक्स गाडी का चालक अरूण कुमार शराब के नशे में गाडी चला रहा था। जिसे मना भी किया था। लेकिन वह नहीं माना और उसने सामने एक बाइक में टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धौलपुर के जारगा गांव निवासी शिवकुमार अपने रिश्तेदारों के साथ राधाकुण्ड में भात देकर मैक्स गाडी से लौट रहे थे। वहीं चंदनपुरा निवासी दिगम्बर अपनी पत्नी व बेटी के साथ बाइक पर इकरन गांव में रिश्तेदारी में गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। रास्ते में सेवर थाना क्षेत्र में दारापुर के पास मैक्स व बाइक की भिडन्त हो गई। जिसमें आध दर्जन व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने 108 की सहायता से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने दिगम्बर को मृत घोषित कर दिया। वहीं दिगम्बर की पत्नी मिथलेश, दिगम्बर की पुत्री महक, मैक्स गाडी के चालक अरूण, जारगा निवासी शिव कुमार, सविता पुत्री चरण सिंह को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कर लिया। जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक दिगम्बर के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पीएनबी ऋण मेले का शुभारंभ

धौलपुर, (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय भरतपुर के तत्वाधान में अठाणी जिला प्रबंधक कार्यालय धौलपुर के संयोजन से जिले में रिटेल लोन एक्सपो 2025 मेला पंजाब नेशनल बैंक शाखा धूलकोट धौलपुर परिसर में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा देशभर 07 व 08 फरवरी को रिटेल लोन एक्सपो 2025 मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक धौलपुर जिले का अग्रणी बैंक है इनके तहत कई कार्य करते है विशेषकर वित्तीय समावेशन का कार्य, विभिन्न प्रकार के ऋण वितरण का कार्य जैसे कृषि ऋण, व्यापार ऋण, आवास ऋण, वाहन ऋण, सोलर उर्जा ऋण सरकार के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण और उनका वितरण, पी एम स्वनिधी योजना, स्वरोजगार ऋण आदि योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाता है। बैंक द्वारा लगाये गये इस मेले का आम जनता को भरपूर लाभ उठाने के लिए कहा तथा सोलर ऊर्जा के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सोलर ऊर्जा से घर के बिजली के बिल में काफी बचत होती है। इस योजना में सरकार द्वारा अधिकतम रूपये 78 हजार तक का सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक, मण्डल कार्यालय भरतपुर से सहायक महा प्रबंधक श्री राम मनोहर गुप्ता जी के द्वारा बताया गया कि रिटेल के सभी ऋण आवास ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, पेंशन ऋण, गोल्ड ऋण, पी एम सूर्य घर योजना के लिए ऋण मेले का आयोजन किया जा रहा है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न

करौली, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में शुक्रवार को 10 दिवसीय रानी लक्ष्मी बाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि बासुदेव वसवाल थानाधिकारी लांगरा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण के युग में आज कि नारी अबला नहीं सबला है और और अपने आत्मबल और निर्भयता के कारण पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपना बजूद कायम कर रही है। ऐसे प्रशिक्षणों के द्वारा बचपन से ही बालिकाओं के भय को समाप्त कर उन्हें असामाजिक तत्वों से मुकाबला करने हेतु तैयार किया जा रहा है।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नशे से सदैव दूर रहने की शपथ दिलाई तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपाय एवं सड़क सुरक्षा के नियमों कि जानकारी दी। इससे पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम जाटव तथा दिलीप कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।शिविर प्रभारी एवं दक्ष प्रशिक्षिका अल्पना शर्मा अध्यापिका ने बालिकाओं से शिविर में सीखे आत्मरक्षा अभ्यासों का प्रदर्शन करवाया और शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंच संचालन व्याख्याता राजेन्द्र दीवान व नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता राजेन्द्र गर्ग,केशव सोनी,रंगीलाल मीना,केदार लाल सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

कन्यादान महादान कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर, (निसं)। जेसीआई भरतपुर सखी द्वारा जैसी पारुल गोयल की अध्यक्षता में 7 फरवरी को कन्यादान महादान कार्यक्रम का आयोजन संगिनी गार्डन में किया गया। इस कार्यक्रम के संचालन रोज मेरी ठ्रुप लीडर शैली गर्ग अनुपमा चीमा आशा शर्मा तृप्ति अठावाल सीमा अठावाल मनीष पटेल द्वारा किया गया। इसमें सभी लड़कियों को सामान में ओवन गैस चूल्हा साड़ी बिछुए गले के सेट कंगन पैंट शर्ट कुकर स्टील की टंकी लहंगा पर्स कंबल गिफ्ट आइटम बेडशीट आदि सामान दिए गए और सभी सखियों ने बढ़ चढ़कर अपना सहयोग दिया। सखियां द्वारा मेहंदी हल्दी लगाई गई और नाच गाना किया गया और सभी सखियों के लिए स्वलपाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष शैली गर्ग अलीना गोयल प्रीती महेश्वरी उपस्थित रहे। सचिव अखलेश ने आभार व्यक्त किया।

टेंपो की टक्कर से 7 जने घायल

करौली, (निसं)। करौली-कैलादेवी मार्ग पर वामनपुरा गांव के पास दो टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में 7 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल कालूराम को जयपुर रैफर किया गया है जबकि अन्य घायलों का करौली अस्पताल में इलाज जारी है। मामचारी थाना अधिकारी अबजीत कुमार ने बताया कि नादौती के मिलकसराय निवासी कालूराम अपने टेंपो से कैलादेवी की ओर जा रहा था। दूसरे टेंपो में अरबकापुरा निवासी जीतू कश्यप अपने परिवार के साथ शादी की खरीदारी के लिए करौली जा रहा था। वामनपुरा थाने के पास दोनों वाहनों कि टक्कर हो गई। घायलों में जीतू कश्यप 22, ढकेली देवी 65, गुड़िया 18, दीना 48, पिंटी 25 और गौरव 20 शामिल हैं। सभी घायलों को वाहनों कि मदद से करौली अस्पताल पहुंचाया गया। थाना अधिकारी